उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति

डांडा लखौंड सहस्रधारा रोड देहरादून।

प्रेषक,

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
उत्तराखण्ड देहरादून।

सेवा में,

परियोजना प्रबन्धक,
कम्यूनिटी एक्शन फॉर हेल्थ,
एजीसीए, सचिवालय
पापुलेशन फाउन्डेशन ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली

पत्रांक – UKHFWS/NHM/ASHA Letter/2015-16/ 11076 दिनांकः 12 अप्रैल 2017

विषय – राज्य के अन्तर्गत कम्यूनिटी एक्शन फॉर हेल्थ कार्यक्रम का संचालन किये जाने के सम्बन्ध में

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि राज्य के अन्तर्गत कम्यूनिटी एक्शन फॉर हेल्थ कार्यक्रम को सूचारू रूप से संचालित करने हेतु राज्य स्तर पर राज्य स्तरीय टी0ओ0टी0 आयोजित की जा चुकी है। जिसमें राज्य के प्रत्येक जनपद के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कम्यूनिटी मोबिलाइजर व श्रेष्ठ ब्लाक कोर्डिनेटर को मास्टर प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षित किया जा चुका है। उक्त प्रशिक्षित समस्त मास्टर प्रशिक्षको के द्वारा अपने सम्बन्धित जनपदों में जनपद स्तर की टी0ओ0टी0 भी पूर्ण की जा चकी है। तत्पश्चात राज्य स्तरीय टी0ओ0टी0 के दौरान लिये गये निर्णय के आधार पर प्रत्येक विकासखण्ड में आशा फैसिलिटेटर की एक दिवसीय ओरिन्टेशन कार्यशाला आयोजित की जा चुकी है। उक्त के सम्बन्ध में यह भी अवगत कराना है कि राज्य के अन्तर्गत समस्त जनपदों में जो वी0एच0एस0एन0सी0 प्रशिक्षित की गयी है। उनका विवरण निम्नवत्त है।

क्र0स0	जनपद	विकासखण्ड संख्या	वी0एच0एस0एन0सी0 संख्या	पूर्व में प्रशिक्षित कुल वी0एच0एस0एन0सी0 संख्या
1.	देहरादून	6	714	18
2.	हरिद्वार	6	453	–
3.	टिहरी	9	1605	19
4.	पौडी	15	3112	105
5	रूद्रप्रयाग	3	634	–
6.	चमोली	9	1133	54
7.	उत्तरकाशी	6	666	18
8.	उधमसिंह नगर	7	657	22
9.	अल्मोडा	11	2153	40
10.	नैनीताल	8	1071	24
11.	बागेश्वर	3	855	30
12.	चम्पावत	4	644	20
13.	पिथौरागढ	8	1599	24
कुल		**95**	**15296**	**374**

उपरोक्त तालिका के क्रम में जनपदवार प्रशिक्षित की गयी वी0एच0एस0एन0सी0 के आधार पर राज्य द्वारा राज्य स्तरीय टी0ओटी0 के दौरान यह निर्णय लिया गया है कि राज्य के समस्त जनपदों के विकासखण्ड के अर्न्तगत कम्यूनिटी एक्शन फॉर हेल्थ कार्यक्रम को सर्वप्रथम केवल उन्हीं ग्रामों में संचालित किया जायेगा जहां पर वी0एच0एस0एन0सी0 को प्रशिक्षित किया गया है तथा ग्राम व स्वास्थ्य केन्द्र के रिर्पोट कार्ड को भी उन्ही ग्रामों में भरवाया जायेगा। उक्त निर्णय के आधार पर राज्य द्वारा सर्वप्रथम प्रत्येक विकासखण्ड के 01 प्राथामिक स्वास्थ्य केन्द्र, 02 उपकेन्द्र व 10 ग्रामों में ग्रम व स्वास्थ्य केन्द्र की पूछताछ से सम्बन्धित प्रपत्र भराये गये है। और उक्त के अन्तर्गत ही प्रत्येक जनपद के 01 विकास खण्ड में जनसंवाद भी आयोजित किये गये है।

12/04/017

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
उत्तराखण्ड देहरादून।